सरकारी विभागों की सभी सेवाएं जल्द जुड़ें ऑटो अपील सिस्टम में : मनोहर लाल

- जनता को सरकारी सेवाएं समय पर मिलें, ये सरकार और कर्मचारी दोनों का प्राथमिक दायित्व

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 11 अक्तूबर : हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सरकारी विभाग जनता से जुड़ी सभी सेवाओं को जल्द से जल्द ऑटो अपील सिस्टम में जोड़ें। इस काम को तेजी से किया जाए ताकि आम जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके। जनता को सरकारी सेवाएं समय पर मिलें, यह सरकार और कर्मचारी दोनों का प्राथमिक दायित्व है। मुख्यमंत्री मंगलवार को सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत 'ऑटो अपील सिस्टम' से जुड़ी रिव्यू बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी सेवाओं को ऑटो अपील सिस्टम में जोड़ने के लिए सरकारी अधिकारी तत्परता से कार्य करें। यदि इस कार्य में कोई कठिनाई आ रही है तो उसे तत्काल संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका जल्द से जल्द निवारण किया जा सके। सरकार और सरकारी कर्मचारी की ड्यूटी जनता की सेवा करना है। हमारा सरकार प्रदेश के 70 लाख परिवारों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकारी सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। हमें इस दायित्व को बखूबी निभाते हुए कार्य करना चाहिए।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ऑटो अपील सिस्टम की रिव्यू बैठक करते हुए।

मुख्यमंत्री ने की ऑटो अपील सिस्टम की कार्यप्रणाली की सराहना

मुख्यमंत्री ने सेवा का अधिकार आयोग के ऑटो अपील सिस्टम की कार्य प्रणाली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम की वजह से आज सरकारी सेवाओं में होने वाली देरी पर जवाबदेही तय हुई है। अपील सेवाओं में होने वाली देरी पर संबंधित अधिकारी पर जुर्माना भी लग रहा है। इसका असर दिखने लगा है। अभी तक ऑटो अपील सिस्टम में सेवाओं में होने वाली देरी से संबंधित 3 लाख 53 हजार 529 अपील की गईं। इनमें से 2 लाख 70 हजार 385 को प्रथम अपीलीय अधिकारी तक पहुंचीं और 82375 अपील को द्वितीय अपीलीय अधिकारी तक पहुंचीं। मात्र 769 अपील ही सेवा का अधिकार आयोग तक पहुंचीं। इन पर आयोग ने संज्ञान लिया।

जनता के लिए वरदान है ऑटो अपील सिस्टम

मनोहर लाल ने कहा कि ऑटो अपील सिस्टम जनता के लिए वरदान है। बड़े स्तर पर लोगों को इस सिस्टम से फायदा हो रहा है। सरकार ने अंत्योदय के मकसद से इसकी शुरुआत की थी ताकि सभी की सुनवाई हो और सभी को सरकारी सुविधाओं का लाभ मिले। अब सरकारी सेवाओं के काम की अपील कम हुई है। इससे जनता को लाभ हुआ है। इससे लोगों में सरकार के प्रति भरोसा पैदा हो रहा है। जनता खुश होती है, तभी प्रदेश का हैप्पीनेस इंडेक्स में इजाफा होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन विभागों के अलग-अलग सेवाओं के लिए एक से ज्यादा पोर्टल हैं, वे एक पोर्टल की दूसरे पोर्टल से बेहतर कनेक्टिविटी बनाएं, ताकि आसानी से डाटा को देखा जा सके। इससे आम लोगों को भी सुविधा लेने में आसानी होती है। मनोहर लाल ने कहा कि ऑटो अपील सिस्टम से जुड़ी जानकारी व इसका प्रशिक्षण जन प्रतिनिधियों को भी दिया जाए। अभी तक विधायकों को ही इससे जुड़ी जानकारी दी गई थी, लेकिन भविष्य में छोटी से छोटी इकाई के जन प्रतिनिधि को भी इसकी जानकारी देनी चाहिए। समय-समय पर उन्हें इस सिस्टम से जुड़ा प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें।

ऑटो अपील सिस्टम को दूसरे राज्य भी जानने की कर रहे कोशिश

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत ऑटो अपील सिस्टम की शुरुआत की तो उनके सामने कोई भी इस तरह के सिस्टम का उदाहरण नहीं था, लेकिन आज उन्होंने ऐसा सिस्टम खड़ा करके दिखाया है। सभी दूसरे राज्य भी इस ऑटो अपील सिस्टम को समझने के लिए संपर्क कर रहे हैं। उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर व केंद्र सरकार भी इस सिस्टम की सराहना कर रही है। इससे पूर्व सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता ने ऑटो अपील सिस्टम से जुड़ी जानकारी (प्रेजेंटेशन) मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। इस दौरान मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, एसीएस टीवीएसएन प्रसाद, एसीएस डॉ. सुमिता मिश्रा, अनुराग रस्तोगी, राजा शेखर, अशोक खेमका, जी. अनुपमा, अपूर्व कुमार सिंह, अरुण कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, प्रधान सचिव अनुराग अग्रवाल, विनीत कुमार, आयुक्त और सचिव पंकज यादव, विजय दहिया, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

सभी सीएमओ दो अस्पतालों की बागडोर हाथ में लेकर सुधारें व्यवस्था: डॉ. त्रिखा

- **महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा ने पदभार ग्रहण करने के बाद सभी जिलों के सीएमओ-पीएमओ की ली बैठक**

सवेरा ब्यूरो/राजवीर शर्मा

चंडीगढ़, 11 अक्तूबर : हरियाणा के सभी जिलों में तैनात सीएमओ अब अपने-अपने जिले के किन्हीं दो अस्पतालों की बागडोर हाथ में लेकर व्यवस्था सुधारेंगे। सरकारी अस्पतालों में तैनात पीएमओ भी जिला अस्पतालों की इमरजेंसी, एसएनसीयू, लेबर रूम और आईसीयू की व्यवस्था सुधारने पर जोर देंगे। यह निर्देश महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा डॉ. सोनिया त्रिखा ने पदभार ग्रहण करने के बाद मुख्यालय पर आयोजित बैठक में सभी जिलों के सीएमओ-पीएमओ को दिए हैं। उन्होंने आगामी 15 दिनों के भीतर इन कार्यों की प्रोग्रेस रिपोर्ट भी देने के निर्देश दिए हैं।

ताकि आमजन को मिल सके स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ

बैठक में डॉ. सोनिया त्रिखा ने सभी सीएमओ से कहा गया है कि वे अपने-अपने जिले के किन्हीं दो अस्पतालों की बागडोर हाथ में लेकर व्यवस्था सुधारने और बनाने पर काम करें ताकि आमजन को छोटी सी तकलीफ के लिए जिला अस्पताल के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि इन दोनों अस्पतालों में ओटी बनाने के लिए ओटी बनाने का काम करें। इसके अलावा वहां ब्लड की भी व्यवस्था होनी चाहिए। संभव हो तो एक्सरे की भी व्यवस्था की जाए। इन अस्पतालों में हर समय रोस्टर अनुसार डॉक्टर भी उपलब्ध हों। वहीं, हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आमजन को मिलने वाली सभी तरह की सुविधाओं का भी पता लगाएं कि वह आम लोगों को मिल रही हैं या नहीं।

पीएमओ अस्पताल में बनाएं सुनिश्चित व्यवस्था

बैठक में महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा ने सभी पीएमओ को जिला अस्पतालों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल की इमरजेंसी व्यवस्था होनी चाहिए। वहां किसी चीज की कमी नहीं होनी चाहिए। डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, अन्य कर्मचारी, दवा सहित अन्य उपकरणों की उपलब्धता होनी चाहिए। इसके अलावा इस तरह की व्यवस्था सुनिश्चित करें कि वार्ड में भी हर रोगी तक समय पर दवा और स्टाफ पहुंचे। वहीं एसएनसीयू में भी नवजात शिशुओं की देखभाल से जुड़े सभी इंतजाम पूरे होने चाहिए। लेबर रूम में गर्भवती महिलाओं (खासकर जिन्हें देखभाल की अधिक आवश्यकता है) की देखरेख में स्टाफ तैनात होना चाहिए और उन्हें मिलने वाली सभी सुविधाओं को दिया जाना भी सुनिश्चित किया जाए।

नर्सिंग ऑफिसर को ग्रुप-सी से ग्रुप-बी में किया जाए शामिल, एसोसिएशन ने विज से की मांग

हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करती ऑल नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन की पदाधिकारी।

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 11 अक्तूबर : ऑल नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशाध्यक्ष निर्मल ढांडा के नेतृत्व में गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से चंडीगढ़ स्थित कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान नर्सिंग एसोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष कुछ मांगें भी रखीं। एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि नर्सिंग ऑफिसर को ग्रुप-सी से ग्रुप-बी में शामिल किया जाए। इसके अलावा प्रमोशन पॉलिसी बनाई जाए और प्रमोशन लिस्ट को भी जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि नर्सिंग ऑफिसर को 7200 रुपये नर्सिंग अलाउंस दिया जाए। नर्सिंग ऑफिसर को पेंशन एनकेशमेंट दिया जाए। उन्होंने यूनिफॉर्म भत्ता भी बढ़ाए जाने की मांग की। यह भी कहा कि चीफ नर्सिंग ऑफिसर को गजटेड अधिकारी घोषित किया जाए।

स्वास्थ्य मंत्री ने एसोसिएशन की मांग को विचार के बाद पूरा करने का भी आश्वासन दिया। इसके बाद नर्सिंग एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा डॉ. सोनिया त्रिखा से मुलाकात करने पहुंचा। जहां उन्होंने डॉ. सोनिया त्रिखा को डीजी हेल्थ का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। साथ ही मांगों को लेकर भी चर्चा की। जिस पर महानिदेशक ने एसोसिएशन की सभी मांगों को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सुनील, महासचिव संतोष आहलावत, कोषाध्यक्ष सरोज, सचिव आशीष राठी, नरेश, कमलजीत, अमन यादव, उपप्रधान कमलेश सिवाच, सुनील, ममता, किरण, अलका, शर्मिला, सुनील, पूजा भी मौजूद रहीं।

- **एसोसिएशन ने महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा डॉ. सोनिया त्रिखा को भी पदभार ग्रहण करने पर दी बधाई**

हरियाणा रोडवेज के बेड़े में 31 मार्च तक होंगी 5 हजार सरकारी बसें: मूलचंद शर्मा

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 11 अक्तूबर (सवेरा ब्यूरो) : 31 मार्च तक हरियाणा रोडवेज के बेड़े में पांच हजार बसें हो जाएंगी। पिछले 20 वर्षों में रोडवेज की 1300 बसों की सबसे बड़ी खरीद के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंजूरी दी है। हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे आम जनता को सीधे लाभ मिलेगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि हरियाणा रोडवेज गरीब आदमी का जहाज है। आज देशभर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में हरियाणा रोडवेज की धाक है। हरियाणा रोडवेज में आए दिन बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देने के लिए सरकार ने 1300 बसों की खरीद का फैसला लिया है। इनमें एक हजार सामान्य बसें, 125 मिनी एसी बसें और 150 एसी बसें शामिल हैं। इनकी खरीद को हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में मंजूरी मिल गई है।

809 बसों की बॉडी हो रही तैयार, 100 बसें मिलीं

मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा रोडवेज की 809 बसों की बॉडी भी तैयार हो रही है। अभी तक 100 बसों की बॉडी तैयार हो चुकी है, जो अलग-अलग डिपो में जा चुकी हैं। बाकी 700 बसों की बॉडी भी जल्द तैयार हो जाएगी और इनकी डिलीवरी भी जल्द मिलेगी। इसके बाद प्रदेश में कुल पांच हजार बसों का बेड़ा हो जाएगा।

परिवहन मंत्री ने कहा कि हरियाणा रोडवेज के बेड़े में जल्द ही इलेक्ट्रॉनिक बसों को भी शामिल किया जाएगा। परिवहन विभाग अगले महीने 550 इलेक्ट्रॉनिक बसों का टेंडर करने जा रहा है। उसके बाद जल्द ही इन इलेक्ट्रॉनिक बसों की खरीद की जाएगी।

अब वाराणसी की तर्ज पर बनेगा कुरुक्षेत्र का रेलवे स्टेशन

- **सांसद ने रेलवे रोड और सेक्टर 13 की तरफ से रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण करने के प्रोजेक्ट तैयार करने के दिए आदेश**

सवेरा न्यूज/जसबीर दुग्गल

कुरुक्षेत्र, 11 अक्तूबर : सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार ने कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन को वाराणसी रेलवे स्टेशन की तर्ज पर मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में चयनित किया है। इस योजना के अनुसार इसे वाराणसी रेलवे स्टेशन की तर्ज पर विकसित किया

लघु सचिवालय में राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे के अधिकारियों की संयुक्त बैठक

निर्माण कार्य 17 दिसंबर 2020 को शुरू किया गया था और इसका निर्माण कार्य जून 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार ने कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन को वाराणसी की तर्ज पर विकसित करने की योजना बनाई है इस योजना के अनुसार अब आधुनिकीकरण और सौंदर्यीकरण का

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Babu Kumar S/o Bachna Ram [illegible] Bachna Ram [illegible]

अधिकृत जन्म मृत्यु पंजीकरण

नगर निगम हिसार कार्यालय सूचना

[illegible] 2100TA9AUSI (SHOPW0028) [illegible]

क्रमांक: MCH/2022/XXX दिनांक: 11/10/2022

वरिष्ठ सहायक अधिकारी, नगर निगम, हिसार

नगर निगम हिसार कार्यालय सूचना

[illegible]

क्रमांक: MCH/2022/XXX दिनांक: 10/10/2022

वरिष्ठ सहायक अधिकारी, नगर निगम, हिसार

PUBLIC NOTICE

[illegible] Distt Court Hisar. [illegible]

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि [illegible] सेक्टर-13 [illegible] दिनांक 28.09.2022 [illegible]

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि [illegible] दिनांक 07.06.2021 [illegible] दिनांक 20.09.2022 [illegible]

सार्वजनिक सूचना

मैं मुनीष कुमार पुत्र श्री पदमा राम निवासी मकान संख्या 02 ग्राम एवं डाकघर - पलौता कलां तहसील- बापौली, जिला- पानीपत (हरियाणा) एतद्द्वारा सूचित करता हूँ और घोषणा करता हूँ कि मनीष कुमार, मनीष दत्त, मनीष राम ये सभी मेरे नाम हैं. मेरा सही नाम मुनीष कुमार है। इसलिए मुझे मुनीष कुमार के नाम से जाना जाए।

Public Notice

It is informed to General Public that [illegible]

Advocate, Advocate Chamber No. 261

District Courts, Hisar

सार्वजनिक सूचना

[illegible]

सार्वजनिक सूचना

मैं सरस्वती उर्फ सुरसती पत्नी रामेश्वर पुत्र महीपाल निवासी ग्राम भोजराज [illegible]



केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तो

सिंह, साथ ही महामंडले

एवं सम्मान समारोह में

उज्जैन के सांकरा अनिल

गुजवि ने के परीक्षा

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय

(सवेरा न्यूज/सुरे

हिसार, 11 अक्तूबर : गु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी वि ने विभिन्न विषयों के परीक्षा घोषित किए हैं। विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक प्रो. ने बताया कि जून आयोजित एमए इकोनॉमिक्स सेमेस्टर (मेन) बैच 20 पॉलिटिकल साइंस चतु (रिअपीयर) बैच 2018 एमए पॉलिटिकल साइं सेमेस्टर (मेन) बैच 20 संस्कृत चतुर्थ सेमेस्टर 2020, एमए इंग्लिश चतु (रिअपीयर) बैच 2018 बीएलएड द्वितीय वर्ष बैच 2019, मई 2022 में एमटेक सीएसई द्वितीय (रिअपीयर-सभी पास) व 2015-2016, एमटे द्वितीय सेमेस्टर (रिअपी 2018-2019, एमटेक सेमेस्टर (रिअपीयर) बै एमटेक ईसीई द्वितीय सेमेस्टर बैच 2021, बीटेक एडी चतुर्थ सेमेस्टर (रिअ पास) बैच 2013, बीटेक सेमेस्टर (रिअपीयर) बीएसई छठा सेमेस्टर 2019, बीटेक ट्रेनिंग/इंटर्नशिप आठवां (मेन) बैच 2018, टेक्नोलॉजी छठा सेमेस्टर बैच 2019, बीटे टेक्नोलॉजी छठा (रिअपीयर) बैच 201 ऑफ फिजियोथेरेपी आठ

दैनिक स

विज्ञापन/न्यूज पेपर एज

हम अपने समाचार पत्र को अथाह समर्थ विज्ञापनदाताओं तथा संरक्षकों के अत्यंत असुविधा से बचाव के लिए हम सभी से